**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के 15 सदस्यीय मार्स्टर्स एथलीट जबलपुर रवाना

पंतनगर। 11 फरवरी 2026। विश्वविद्यालय की 15 सदस्यीय मार्स्टर्स एथलीट टीम तीन–दिवसीय 45वीं इंडिया मार्स्टर्स एथलेटिक चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने बुधवार को जबलपुर, मध्य प्रदेश रवाना हो गई। 13–15 फरवरी, 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन गोकलपुर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड, जबलपुर में किया जा रहा है। 7 जनवरी, 2026 को मझोला में आयोजित राज्य स्तरीय मार्स्टर्स एथलीट प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर इन सभी एथलीटों का चयन इंडिया मार्स्टर्स एथलेटिक चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। सभी एथलीट उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस टीम के मैनेजर डा. संदीप कुमार व कोच सुदीश राय हैं। टीम के अन्य सदस्यों में पूनम त्रिपाठी, उर्मिला तड़ियाल, डा. संदीप कुमार, राजेन्द्र उरांव, वज़ीर अहमद, सुदीश राय, रजनीश कुमार पाण्डे, राकेश कुमार यादव, पंकज सिंह, संतोश कुमार सिंह, प्रभाकर जोशी, सुरेश कुमार राजपूत, अशोक कुमार, डा. मनोज कुमार गुप्ता व राजेश जुकारिया हैं। टीम में उत्तराखण्ड की ओर से राज्य सचिव धर्मपाल शर्मा, ओपी मंडोला भी शामिल हैं। टीम के सभी सदस्यों को स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब कार्यकारिणी ने अपनी शुभकामनाऐं दी।

